केएल राहुल ही यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करेंगे। रोहित पिछली न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर खेली गई सीरीज के बाद से लगातार सवालों के घेरे में हैं।
– रोहित शर्मा

भारतीय क्रिकेटर, केएल राहुल के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — जसप्रीत बुमराह

नवंबर के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की रेस में भारत के जसप्रीत बुमराह का नाम जोड़ा गया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में 8 विकेट लिए थे। बुमराह के साथ पाकिस्तान के हारिस रऊफ और साउथ अफ्रीका के मार्को यानसन भी नॉमिनेट हुए हैं। विमेंस में बांग्लादेश की शरमिन अख्तर, इंग्लैंड की डैनी व्याट-हॉज और साउथ अफ्रीका की नदिन डी क्लर्क को नॉमिनेट किया गया। विमेंस में तीनों नॉमिनेशन बैटर को हुए, वहीं मेंस में तीनों नॉमिनेशन बॉलर्स को हुए। रऊफ ने ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेला था

क्या आप जानते हैं ?... भारत की ओर से डब्लूटीए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली खिलाड़ी सानिया मिर्जा है। सानिया ने फरवरी, 2005 में हैदराबाद टूर्नामेंट जीतते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

भारत से पिंक बॉल टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 की घोषणा

हेजलवुड की जगह बोलैंड को मिला मौका

एडिलेड, 5 दिसम्बर। बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट में 295 रन से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने परंपरा का निर्वाह करते हुए एडिलेड में दूसरे टेस्ट के प्लेइंग 11 की घोषणा एक दिन पहले गुरुवार को कर दी। पिंक बॉल टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 में 1 बदलाव हुआ। कप्तान पैट कमिंस ने जानकारी दी कि चोटिल जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड खेलते दिखेंगे।

स्कॉट बोलैंड को ऑस्ट्रेलिया के लिए लगभग 18 महीनों बाद पहला मैच खेलते देखा जाएगा। बोलैंड ने अपना आखिरी टेस्ट मैच पिछले साल एशेज सीरीज में खेला था। कमिंस ने ये भी जानकारी दी कि मिचेल मार्श दूसरे टेस्ट में गेंदबाजी करते दिखेंगे। ये ऑलराउंडर पीठ की जकड़न से जूझ रहा है। इसके कारण वह भारत की दूसरी पारी के दौरान गति से गेंदबाजी करने में असमर्थ है। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी में बदलाव न होने का मतलब है कि उस्मान ख्वाजा के साथ नाथन मैकस्वीनी ओपनिंग करते दिखेंगे। स्टीव स्मिथ की चोट गंभीर नहीं है। स्मिथ को हाल ही में प्रैक्टि सेशन के दौरान अंगूठे पर चोट लग गई थी। भारतीय टीम ने प्लेइंग 11 में बदलाव नहीं किया, लेकिन पहला टेस्ट जीतने के बाद भी 2 बदलाव तय हैं। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की वापसी होगी।

भारत की संभावित प्लेइंग 11
यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रोहित शर्मा, नितीश रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर/रविंद्र जडेजा, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह।

चैम्पियंस ट्रॉफी की मीटिंग फिर हुई स्थगित

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर विवाद थम नहीं रहा है। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन को लेकर आईसीसी गुरुवार को फैसला करने वाला था लेकिन एक बार फिर से मीटिंग स्थगित हो गई है। शनिवार को मीटिंग में अंतिम निर्णय आने की उम्मीद है। आईसीसी ने दोबारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने के लिए कहा है। रिपोर्ट के मुताबिक पीसीबी जल्द ही बोर्ड के सामने अपना अंतिम फैसला बताएगा। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से कहा था कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने को तैयार है लेकिन विश्व संस्था को 2031 तक भारत में होने वाले टूर्नामेंट के लिए भी यही व्यवस्था अपनाने की अनुमति देनी होगी। हालांकि, बीसीसीआई ने पीसीबी की इस शर्त का कड़ा विरोध किया है। आगामी चैंपियंस ट्रॉफी को शुरू होने में 100 दिन से भी कम बचे हैं लेकिन शेड्यूल का ऐलान नहीं हो सका है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को जल्द से जल्द अपना फैसला बताना होगा, वहीं बोर्ड के पास ज्यादा विकल्प भी नहीं है। पीसीबी ने पहले टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी थी जिससे ये प्रस्ताव थोड़ा नरमी भरा है। उसने कहा था कि अगर उसे मेजबानी के पूर्व अधिकार नहीं दिए गए और भारत की तटस्थ स्थल की मांग स्वीकार कर ली गई तो वह टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा।

जय शाह ने आईसीसी मुख्यालय का दौरा किया

दुबई, 5 दिसम्बर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह ने गुरुवार को पहली बार आईसीसी मुख्यालय का दौरा कर बोर्ड के निदेशकों और कर्मचारियों से मुलाकात की। शाह ने आईसीसी मुख्यलाय के दौरे के बाद कहा, इस दौरे से आईसीसी बोर्ड में मेरे सहयोगियों से जुड़ने का एक अमूल्य अवसर मिला। इस दौरान हमने खेल के भविष्य को आकार देने के लिए प्रारंभिक रोडमैप और रणनीतियों पर चर्चा की।उन्होंने कहा, क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाली समर्पित आईसीसी टीम से मिलकर मुझे खुशी हुई। आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा ने भी खेल के लिए शाह की महत्वाकांक्षी दृष्टि की सराहना की। ख्वाजा ने कहा, बोर्ड की ओर से मैं जय शाह का इस पद पर स्वागत करता हूं और उनके कार्यकाल के लिए अपना उत्साह साझा करना चाहता हूं।उन्होंने कहा, शाह की महत्वाकांक्षा और अनुभव आईसीसी और खेल को भविष्य में मार्गदर्शन करने में सहायक होंगे। हम सफलता प्राप्त करने में उनके, सदस्यों और आईसीसी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

एडिलेड टेस्ट मैच पर बारिश का साया

एडिलेड, 5 दिसम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलियाई टीम 10 दिन के ब्रेक के बाद एक बार फिर आमने-सामने होगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड में खेला जाएगा। भारत ने पर्थ में जीत हासिल की थी जिसके बाद वह सीरीज में 1-0 से आगे है। अब उसकी नजर एडिलेड टेस्ट पर है जिसे जीतकर वह इस सीरीज में बढ़त हासिल करने पर होगी। जबकि ऑस्ट्रेलिया इस मैच से सीरीज में वापसी करना चाहेगी। पिच क्यूरेटर डेमियम हॉफ ने एडिलेट टेस्ट की पिच को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि पिच पर 6 मिमी घास होगी, जहां तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी। गेंद स्विंग और सीम करेगी। हालांकि, क्यूरेटर ने ये भी कहा कि वह बैलेंस विकेट बनाना चाहते हैं ताकि बल्लेबाज और गेंदबाज को समान फायदा मिले। भारत ने 2020 में यहां पिंक बॉल टेस्ट खेला था जब भारत 36 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गया था। पिच पर मौसम का भी असर होगा। एडिलेड टेस्ट पर काले बादल भी मंडरा रहे हैं। मैच के पहले दिन बारिश की संभावना है। एक्टूवेदर के अलावा पिच क्यूरेटर का भी कहना है कि पहले दिन आंधी-तूफान के कारण खेल में खलल पड़ सकता है। पहले दिन शुक्रवार को 88 प्रतिशत बारिश के आसार हैं। रात में बादल छाए रहते हैं तो फिर यहां बल्लेबाजी करना मुश्किल है।

आयरलैंड की महिला टीम ने बांग्लादेश को 12 रन से हराया

सिलहट, 5 दिसंबर। कप्तान गैबी लुईस (60),ली पॉल (नाबाद 79) की शानदार पारियों के बाद ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड की महिला टीम ने गुरुवार को

पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 12 रनों से शिकस्त दी। 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश के लिए दिलारा अख्तर और शोभना मोस्तारी की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 103 रन जोड़े। 12वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने शोभना मोस्तारी (46) को आउट कर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई। 14वें ओवर मे आर्लीन केली ने कप्तान निगार सुल्ताना (चार) को अपना शिकार बनाया। इसी ओवर में केली ने दिलारा अख्तर (49) को भी आउट कर दिया। एमी मग्वायर की गेंद पर एमी हंटर ने ताज नेहर (19) को स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। 17 ओवर में बंगलादेश के पांच विकेट पर 152 रन थे, लेकिन आयरलैंड के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए बंगलादेश को निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 157 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला 12 रनों से जीत लिया।आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली ने तीन-तीन विकेट लिये। एमी मग्वायर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आयरलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए टीम घोषित की

वेलिंगटन, 5 दिसंबर। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने गुरुवार को कल से शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी-अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। दूसरे टेस्ट मैच से पहले गुरुवार को न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लेथम ने गुरुवार को कहा, हमने जिस संतुलन के साथ मैदान में उतरे हैं, वह इस विकेट के लिए सही है और हमारे पास शीर्ष सात में कुछ स्पिन विकल्प भी हैं। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि यह सही एकादश है और खिलाड़ी चुनौती के लिए तैयार हैं।पिछले 47 टेस्ट मैचों में यह तीसरी बार है जब न्यूजीलैंड ने बिना किसी बदलाव के टेस्ट एकादश का चयन किया है। इंग्लैंड ने भी बिना किसी बदलाव के पिछली टीम को मैदान में उतराने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को दूसरे टेस्ट खेला जाना हैं।

झारखंड और मप्र. के बीच होगा सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताबी मुकाबला

सिकंदराबाद, 5 दिसम्बर। 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 के गुरुवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबलों में झारखंड ने ओडिशा तथा मध्य प्रदेश ने मिजोरम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दक्षिण मध्य रेलवे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आरआरसी ठाउंड, रेल निलयम में आयोजित चैंपियनशिप के पहले सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने हॉकी मिजोरम को 3-2 से हराया। हालांकि रूथी लालललामजुअली ने (तीसरे मिनट) में मिजोरम को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन मध्य प्रदेश ने नाज नौशीन ने (13वें) और रूबी राठौर ने (32वें) मिनट में के गोल से बढ़त हासिल कर ली। कप्तान लालतलांचुंगी ने (52वें मिनट) में चौथे क्वार्टर में मिजोरम के लिए बराबरी का गोल किया। इसके बाद तन्वी ने (56वें मिनट) आखिरी क्षणों में गोल कर मध्य प्रदेश को फाइनल में पहुंचा दिया। दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को शूटआउट में हराया।

रोहित मध्य क्रम में करेंगे बल्लेबाजी

एडिलेड, 5 दिसम्बर। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आज कहा कि शुक्रवार से एडिलेड में शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पारी की शुरुआत और वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने उतरेंगेमैच से पहले गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में रोहित ने कहा, वह पारी की शुरुआत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा मैं मध्यक्रम में बल्लेबाजी करूंगा।मध्य क्रम में अपनी बल्लेबाज़ी को लेकर रोहित ने कहा, यह एक अभ्यास मैच था।

इसी कारण से हमने अधिक कुछ सोचे बिना, अपना खेल आगे बढ़ाना चाह रहे थे। पहले से ही एक दिन बारिश के कारण धुल चुका था। हम चाह रहे थे कि हमें थोड़ा गेम टाइम मिले। हम मैच के डिटेल के बारे में अधिक कुछ नहीं सोच रहे थे। हमने गुलाबी गेंद के साथ अधिक नहीं खेला है तो हम चाह रहे थे कि हमें इस गेंद के साथ खेलने का अवसर मिले। रोहित ने राहुल की अनुकूलन क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा, राहुल ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी पारी ने हमें वह स्थिरता दी जिसकी हमें जरूरत थी।जायसवाल के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा, जायसवाल की पारी ने उनकी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता दिखाई। राहुल के साथ उनकी साझेदारी टर्निंग पॉइंट थी।भारतीय कप्तान ने कहा, पर्थ जैसी पिच पर 500 रन बनाना बहुत बड़ी बात है।

बाहर से यह देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा और इसमें कोई बदलाव करने की भी जरूरत नहीं है। व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए आसान नहीं था लेकिन टीम के लिहाज से यह तर्कसंगत भी था।उन्होंने कहा, गुलाबी गेंद खेल में एक नया आयाम जोड़ती है। हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने और पर्थ से मिली लय को जारी रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

मुश्ताक अली ट्रॉफी, अभिषेक ने 28 बॉल पर सेंचुरी लगाई

राजकोट, 5 दिसम्बर। पंजाब के ओपनर अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद पर शतक लगाया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में गुरुवार को मेघायल के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने 29 बॉल पर 106 रन बनाए। इस पारी में 11 छक्के और 8 चौके शामिल रहे। अभिषेक की पारी के दम पर टीम ने मेघालय के खिलाफ 142 रन का टारगेट 9.3 ओवर में ही हासिल कर लिया।

एक अन्य मैच में बड़ौदा ने टी-20 इतिहास का सबसे बड़ा 349 रन का स्कोर भी बनाया। टीम ने जिम्बाब्वे का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने इसी साल अक्टूबर में 344 रन बनाए थे। वहीं, तीसरे मैच में उत्तर प्रदेश के भुवनेश्वर कुमार ने हैट्रिक ली। उन्होंने 4 ओवर में महज 6 रन देकर 3 विकेट लिए। पंजाब के खिलाफ 142 रन ही बना सका मेघालय राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 9 बजे पंजाब और मेघालय के बीच मैच शुरू हुआ। मेघालय ने बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 7 विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी। टीम से एक भी बैटर ने फिफ्टी नहीं लगाई। पंजाब से रमनदीप सिंह और अभिषेक शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। 143 रन के टारगेट के सामने पंजाब ने बेहद तेज शुरुआत की।

टीम ने तीसरे ओवर में ही फिफ्टी लगा दी। ज्यादातर रन अभिषेक ने बनाए, इस दौरान हरनूर सिंह 6 और सलिल अरोरा 1 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक ने फिर सौरभ धालीवाल के साथ 62 रन जोड़े, धालीवाल 22 रन बनाकर आउट हुए।

अभिषेक ने करियर का चौथा शतक लगाया पंजाब के रमनदीप सिंह ने 4 गेंद पर 8 रन बनाए, लेकिन उनके सामने अभिषेक ने 29 गेंद पर 106 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। अभिषेक ने 365.52 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। मेघालय के पांचों बॉलर्स की इकोनॉमी 12.50 से ज्यादा रही। अभिषेक ने अपने करियर का चौथा शतक लगाया, वह टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ी हैं।

अभिषेक ने उर्विल की बराबरी की अभिषेक ने सबसे कम गेंदों पर टी-20 शतक के मामले में उर्विल पटेल की बराबरी कर ली।

3 दिवसीय पहला एशिया कप टूर्नामेंट खेलने ऑस्ट्रेलियन फूटी टीम वियतनाम रवाना

जयपुर, 5 दिसम्बर। ऑस्ट्रेलियन फूटी की भारतीय टीम 3 दिवसीय पहला एशिया कप टूर्नामेंट खेलने दिल्ली एयरपोर्ट से वियतनाम रवाना हुई। भारतीय टीम एशिया कप में 4 मैच खेलेगी। 6 दिसंबर को पहला मैच भारत बनाम वियतनाम, दूसरा मैच भारत बनाम चीन, 7 दिसंबर तीसरा मैच भारत बनाम हांगकांग चीन, चौथा मैच भारत बनाम इंडोनेशिया से मैच खेलेगी। टूर्नामेंट में 10 देशों की टीमें भाग ले रही है जिनमे भारत, पाकिस्तान, जापान, चीन, हांगकांग, लाओस, वियतनाम, कंबोडिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड। टीम में 15 खिलाडियो का चयन किया गया है। जिसमे पूरे राजस्थान से केवल जयपुर के डेविड डिकोस्टा का भारतीय टीम में चयन हुआ है। खिलाड़ियों के नाम- कैप्टन महेश तिर्की, वीसी सुदीप राजबंशी, एसके राकेश, सोयब, डिकोस्टा डेविड, विल्सन नोयड, महेश बडेकर, रोहन, एक शीट, ओमान, मनीष, प्रकाश, मिधलाज, रजनीश, शीबा। मुख्य कोच: सुधासिल मित्रा, सहा. कोच हारिस जमाल, जसीम अख्तर को बनाया गया है।

ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने भारत को 5 विकेट से हराया

ब्रिसबेन, 5 दिसंबर। मेगन शूट (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद जॉर्जिया वॉल (नाबाद 46) और फीबी लिचफील्ड (35) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को पांच विकेट से हरा दिया है। 100 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिय 48 रन जोड़े। सातवें ओवर में रेणुका सिंह ने फीबी लिचफील्ड (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद नौवें ओवर में रेणुका ने एलिस पेरी (एक), बेथ मूनी (एक) को आउट कर भारत को वापसी की उम्मीद जताई। ऐनाबेल सदरलैंड (6) और एश्ली गार्डनर (आठ) को प्रिया मिश्रा ने आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। मेगन शॅट को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। भारत की ओर से रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिये। प्रिया मिश्रा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, राजस्थान-बंगाल मैच

राजस्थान के कार्तिक शर्मा व महिपाल लोमरोर की साहसी पारियां टीम को जीत नहीं दिला सकी

जयपुर, 5 दिसंबर। राजस्थान के युवा प्रतिभावान बल्लेबाज कार्तिक शर्मा व कप्तान महिपाल लोमरोर की साहसी पारियां भी आज राजकोट में बीसीसीआई की सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के बंगाल के विरुद खेले गए मैच में राजस्थान को जीत नहीं दिला पाई।

टॉस हारकर पहले बलबाजी करते हुए राजस्थान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई। टीम के 3 विकेट मात्र 29 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। चौथे विकेट के लिए युवा कार्तिक शर्मा व कप्तान महिपाल लोमरोर के मध्य 84 रनो के साझेदारी हुई। राजस्थान के युवा खिलाडी कार्तिक शर्मा ने 46 रनो की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेली जिसमे उन्होंने 29 गेंदों का सामना करते हुए 4 आसमानी छक्के व 1 चोक्के लगाए। कप्तान महिपाल लोमरोर 45 रनो की पारी खेली जिसमे उन्होंने 37 गेंदों का समाना किया व 2 छक्के व 2 चोक्के लगाए। दीपक हुड्डा 17, मानव सुथार 11 व दीपक चाहर 11 रनो का योगदान दिया।

बंगाल पारी 154/3 (18.3 ओवर)

टीम के लिए अभिषेक पोरेल 78 व सुदीप नाबाद 50 रनो का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज कमलेश नागरकोठी 27/1, अनिकेत चौधरी 37/2 विकेट प्राप्त किया।

राजस्थान-आसाम अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच आज से : जयपुर में खेला जायेगा। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में कल दिनांक 6 दिसंबर से जयपुर में के एल सैनी मैदान पर राजस्थान - आसाम टीमों के मध्य अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच खेला जायेगा। मैच से पूर्व आज दोनों टीमों ने अभ्यास किया।

51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता

वेदांग की घातक गेंदबाजी से राजस्थान यूथ की जीत

जयपुर, 5 दिसम्बर। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज जी. आर. क्रिकेट एकेडमी ठाउण्ड सिरसी में खेले गये मुकाबले में राजस्थान यूथ के गेंदबाज वेदांग 24 रन पर 6 विकेट, संजय महावर 12 रन पर 3 विकेट की घातक गेंदवाजी के बदोलत मरूधर क्रिकेट क्लब को 206 रन से हराकर अगले राउण्ड में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दिलखुश 50 रन, रोहन सिंह 55 रन नाबाद रिहान आली 44 रन, भुवनेश शर्मा 40 रन, अभय शर्मा 28 रन, वासु 23 रन, देवांश सिंह जसवाल 20 रन कि पारियों की मदद से स्कोर निर्धारित 40 ओवर में 6 विकेट खोकर 292 रन पहुँचा दिया गेंदवाजी में मरूधर क्लब कि और से नवीन यादव 71 रन पर 2 विकेट, रिषभ भाटिया 48 रन पर 2 विकेट तथा जय प्रकाश साहिल जांगिड प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदवाज रहे।

जवाबी पारी में मरूधर क्रिकेट क्लब मे हिमांशु 30 रन नावाद जय प्रकाश 15 रन को छोडकर कोई भी बल्लेवाज राजस्थान युथ क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों वेदांग 24 रन पर 6 विकेट, संजय महावर 12 रन पर 3 विकेट की घातक गेंदवाजी के समक्ष नही टिक सकें और पुरी टीम 22.3 ओवर में मात्र 86 रन पर सिमट गए और 206 रन के विशाल अन्तर से राजस्थान युत क्रिकेट क्लब ने जीत हासिल कर ली। मैच का मैन ऑफ द मैच वेदांग 24 रन पर 6 विकेट राजस्थान युथ क्रिकेट क्लब रहे।

मनीषा और अभिषेक को दोहरी कामयाबी

अखिल भारतीय एसबीआई इंटर सर्किल बैडमिंटन टूर्नामेंट सम्पन्न

जयपुर, 5 दिसंबर। भोपाल सर्किल की मनीषा शर्मा और अभिषेक ने गुरूवार को सम्पन्न अखिल भारतीय एस.बी.आई. इंटर सर्किल बैडमिंटन टूर्नामेंट में दोहरी कामयाबी हासिल की। यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम पर खेले गए महिला एकल के फाइनल में मनीषा शर्मा ने चंडीगढ की दीक्षा सालगोर्ता को सीधे गेमों में 21-17, 21-10 से पराजित किया। मनीषा शर्मा ने टीम चैम्पियनषिप मे भोपाल सर्किल को विजेता बनाने में भी अहम भूमिका निभाई। महिला टीम चैम्पियनषिप के फाइनल में भोपाल सर्किल ने बेंगलूरू सर्किल को आसानी से 2-0 से हरा दिया।

चंडीगढ़ के अभिषेक ने भोपाल सर्किल के सूरत मोहन प्रजापति को तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 17-21, 21-15, 21-6 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। अभिषेक ने चंडीगढ को टीम चैम्पियनषिप जितवाने मे भी अहम योगदान दिया। पुरूषों की टीम चैम्पियनषिप के फाइनल में चंडीगढ़ ने गुवाहाटी सर्किल को 2-0 से षिकस्त दी। महिला युगल के फाइनल में बेंगलूरू की पुष्पांजली भाटी और लक्ष्मी प्रवीण की जोड़ी ने भोपाल की अंकिता सिंह और मनीषा शर्मा की जोड़ी को 21-19, 21-14 से हराया। पुरूष युगल फाइनल में गुवाहाटी सर्किल वात्सव बोहरा और मोर्निंगम रोषन की जोड़ी ने अषोक एस और हेमंत अस्विल की जोड़ी को 21-12, 21-17 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के अध्यक्ष व खेल सचिव नीरज के पवन थे। उन्होंने व अतिथियों ने पुरूष्कार वितरित किया। जयपुर सर्किल वेलफेयर कमेटी के सचिव विनोद तंवर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं डी.जी.एम. एवं सी.डी.ओ. कल्याण गजरेली ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर जयपुर सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक संदीप भटनागर और महाप्रबंधक ए.एम.एल.सी. एफ.टी. अरविन भटनागर, महाप्रबधंक नेटवर्क तीन प्रबुद्ध कुमार, सहायक महाप्रबधंक एच.आर. मानव अठावाल, एस.बी.आई. ऑफिसर एसोसिएषन के अध्यक्ष रामावतार सिंह जाखड़, महासचिव विनय कुमार भल्ला, सेवा के अध्यक्ष अषोक मीणा और जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत, कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता भी मौजूद थे।

जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी ने जीता अंडर-14 दिशा कप

जयपुर, 5 दिसम्बर। दिशा क्रिकेट एकेडमी के द्वारा आयोजित 6 दिशा कप अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गए फाइनल मैच में जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी ने अरावली क्लब को

85 रनों से हराकर विजेता बनी। जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रिंस सोनी के 103 रन, अमरनाथ के 42 रन व केविन चड्ढा के 55 रनों से 40 ओवर में 6 विकेट पर 266 रन बनाए। अरावली क्लब के लिए मोहम्मद कैफ ने 33 पर 3, मिलन व दक्ष ने 1-1 विकेट लिया। जवाबी पारी में अरावली क्लब की टीम लक्की के 42 रन, मोहम्मद कैफ के 20 रन, अंशु के 18 रन व यशवंत के 19 रनों से 35.2 ओवर में 181 रन बनाकर आउट हो गई। जयपुर स्पोर्ट्स के लिए सचिन शर्मा ने 23 पर 3, कुशाठा ने 31 पर 3, सचिन मीना ने 34 पर 2 व प्रिंस सोनी ने 19 पर 2 विकेट लिए।